सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-518
24/10/2017

जहानाबाद के विधायक मुन्द्रिका सिंह यादव के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना 24 अक्टूबर, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में जहानाबाद से विधायक मुन्द्रिका सिंह यादव के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि मुन्द्रिका सिंह यादव के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुँचा है। अपने जीवन काल में मुन्द्रिका सिंह यादव जी ने समाजवाद एवं राजनीति के विभिन्न आयामों को मजबूत आधार प्रदान किया था। वे कर्मठ समाजवादी और लोकप्रिय नेता थे। उनका समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान है, जिसे भूलाया नहीं जा सकता है। उनके निधन से बिहार को खासकर समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही मुन्द्रिका सिंह यादव के पुत्र से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की भी ईश्वर से प्रार्थना की है।

******